51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.0°c अधिकतम 32.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर


सूर्योदय : 5:21, सूर्यास्त : 7:23 | वर्ष : 51/ अंक : 177 | बुधवार, 28 जून 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

झुकी हुई गर्दन से मोबाइल में यदि अजनबी रिश्ते जुड़ सकते हैं... तो हकीकत के रिश्तों में गर्दन झुका लेने में क्या हर्ज है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

चौतरफा निन्दा के बाद आदिपुरुष के निर्माताओं, सेंसर बोर्ड पर हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी : प्रयागराज



फिल्म किस मुँह से अब बनाएंगे... शर्म उनको मगर नहीं आती......

# 11 से 17 जुलाई तक नेशनल हाईवे पूरी तरह बंद होगा

- कांवड़ यात्रा के चलते रुट डायवर्जन का प्लान तैयार
- सात जुलाई से वन वे और नौ जुलाई से बदलेगा रूट

मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस ने यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस ने रूट प्लान तैयार कर लिया है। इस दौरान बनाई गई व्यवस्था के हिसाब से चार जुलाई से गंग नहर पटरी पर भारी वाहनों का संचालन रोक दिया जाएगा। इसके बाद सात जुलाई से दिल्ली-दून हाईवे को वनवे कर एक साइड में वाहनों के आवागमन की व्यवस्था रहेगी। कांवड़ का दबाव बढ़ने के साथ नौ जुलाई से हाईवे पर रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग 11 जुलाई की मध्य रात्रि से 17 जुलाई की मध्य रात्रि तक बंद रहेगा।

श्रावण मास में लाखों की तादाद में शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर आते हैं। ऐसे में कांवड़ियों का आवागमन शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों में जैसे जैसे कांवड़ियों की तादाद बढ़ेगी, वैसे-वैसे प्रशासन और पुलिस की योजनाओं पर सख्ती से अमल किया जाएगा। कांवड़ यात्रा के लिए पुलिस की ओर से बनाए गए नोडल अधिकारी एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर तमाम तैयारी पूरी कर ली गई हैं। इसके चलते संभावित रूट प्लान तैयार किया जा चुका है। ऐसे में रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू होने के बाद केवल आवश्यक वस्तु वाले तथा इमरजेंसी वाहनों को ही ऐहतियात बरतते हुए संचालन की अनुमति दी जाएगी। इन वाहनों का संचालन प्रशासन की ओर से जारी पास के आधार पर होगा। उन्होंने बताया कि कांवड़ियों की तादाद अगले सप्ताह बढ़ जाएगी। ऐसे में चार जुलाई से गंग नहर पटरी पर भारी वाहनों के संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान केवल हल्के वाहन ही चल सकेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर सात जुलाई तक वाहनों का संचालन होगा। इसके बाद हाईवे पर यातायात वन वे कर दिया जाएगा। सात से नौ जुलाई तक हरिद्वार से मेरठ के बीच मुख्य मार्ग पर वाहन नहीं चलेंगे। पूरा मार्ग कांवड़ियों के लिए आरक्षित रहेगा। नौ जुलाई से सत्रह जुलाई तक हरिद्वार से आने वाले सभी वाहन देवबंद के रास्ते रामपुर तिराहा-जानसठ रोड होते हुए मेरठ रोड जाएंगे। नौ, दस व ग्यारह जुलाई को मेरठ की ओर से हरिद्वार जाने वाले सभी वाहन सड़क पर एक ओर चलेंगे। ग्यारह जुलाई की रात से सत्रह जुलाई तक नेशनल हाईवे पूरी तरह बंद रहेगा। जनपद में देहरादून, सहारनपुर या मेरठ की ओर से आने-जाने वाला यातायात रामपुर तिराहा से जानसठ रोड होते हुए चलेगा। मेरठ-बिजनौर मार्ग पर भारी वाहनों का संचालन इस दौरान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिबंध का असर इमरजेंसी वाहन, आवश्यक वस्तु वाले वाहनों पर नहीं होगा। हालांकि इसके लिए वाहन स्वामियों को प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। रात में छोटे वाहनों के चलने की अनुमति ही मिल पाएगी। बड़े वाहनों के संचालन की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस व अर्ध सैनिक बलों को लगाया जाएगा।

## वर्ल्ड कप में भारत-पाक मुकाबला 15 अक्टूबर को होगा

नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)। भारत में अक्टूबर-नवंबर के बीच 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड कप के 48 मुकाबले खेले जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी कर दिया। टूर्नामेंट की शुरुआत 5 अक्टूबर को न्यूजीलैंड-इंग्लैंड मुकाबले से होगी। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर 19 नवंबर को फाइनल होगा। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले मुंबई और कोलकाता में होंगे। टूर्नामेंट का सबसे चर्चित मैच, यानी भारत-पाकिस्तान मुकाबला 15 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही होगा। हालांकि भारत के वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया से मुकाबले के साथ होगी। यह मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में खेला जाएगा। वर्ल्ड कप 2023 के मुकाबले 10 शहरों में खेले जाएंगे। जिसमें अहमदाबाद (नरेंद्र मोदी स्टेडियम), बेंगलुरु (एम चिन्नास्वामी स्टेडियम), चेन्नई (एमए चिदम्बरम स्टेडियम), दिल्ली (अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम), धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम), हैदराबाद (राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, उप्पल) हैं। इनके अलावा कोलकाता (ईडन गार्डन), लखनऊ (अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम), मुंबई (वानखेड़े स्टेडियम), पुणे (महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम) शामिल हैं। हैदराबाद के अलावा गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम 29 सितंबर से 3 अक्टूबर तक प्रैक्टिस मैचों की मेजबानी करेंगे।

## बारिश से दो दिनों में 8 राज्यों के 33 लोगों की मौत

दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)। कुछ दिनों की सुस्ती के बाद मानसून लगभग पूरे उत्तर और उत्तर पश्चिम भारत में पहुंच गया है। उत्तर-पश्चिमी राज्यों में 24 घंटे में सामान्य से 2 से 12 गुना तक अधिक बारिश हुई है। सोमवार को मानसून पंजाब और गुजरात में और आगे बढ़ा। देश के पूर्वी, मध्य, उत्तर-पश्चिम व पश्चिमी राज्यों में पांच दिन मानसून सक्रिय रहेगा। अगले 24 घंटे में 24 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान है। दो दिन में बारिश और भूस्खलन जैसी घटनाओं से आठ राज्यों में 33 लोगों की मौत हुई है। इनमें से 9 हिमाचल प्रदेश में, 6 मुंबई में, 6 राजस्थान में, 2-2 हरियाणा और पंजाब में हुईं। मंगलवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में उफनती नदी में 16 और 17 साल के भाई-बहन बह गए। छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हुई। दिल्ली में करंट लगने से 1 महिला की जान गई है। हिमाचल के मंडी जिले में 48 घंटे में भूस्खलन की दो घटनाएं हुईं। इसके चलते चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे-21 दो जगहों पर घंटों बंद रहा। इस रूट पर लगा जाम 20 घंटे बाद खुला। अब भी यहां 150 रोड बंद हैं। मौसम विभाग ने राज्य में अगले 5 दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी है।

## तीन तलाक का इस्लाम से संबंध नहीं : एक घर दो कानून से नहीं चल सकता: मोदी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भोपाल में कहा कि तीन तलाक से इस्लाम का कोई संबंध नहीं है। इसकी वकालत करने वाले वोट बैंक के भूखे हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भड़का रहे हैं। एक घर दो कानूनों से नहीं चल सकता। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भाजपा भ्रम दूर करेगी। बिहार में विपक्षी दलों की बैठक पर कहा- इन सभी दलों के घोटालों को मिला दिया जाए, तो 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है। प्रधानमंत्री भोपाल में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में इसी साल होने वाले विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने आए थे। उन्होंने मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत 543 लोकसभाओं के 10 लाख और मध्य प्रदेश के 64,100 बूथ के कार्यकताओं को डिजिटली संबोधित किया। यहां सभी राज्यों के विधानसभा क्षेत्रों से 3 हजार कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# भूपखेड़ी में बवाल, पुलिस ने नहीं होने दी पंचायत

- महाराणा प्रताप का बोर्ड लगाने को लेकर था पंचायत का ऐलान
- बोर्ड लगाने गए युवाओं को पुलिस ने लाठियां फटकार कर दौड़ा दिया
- युवा करणी सेना के अध्यक्ष समेत छह को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)। रतनपुरी क्षेत्र के गांव भूपखेड़ी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र वाले बोर्ड को लेकर जमकर बवाल हुआ। पुलिस ने पहले से ही तैयारी के चलते राजपूत समाज की पंचायत नहीं होने दी। इस दौरान पुलिस ने बोर्ड लगाने पहुंचे युवाओं को लाठियां फटकार कर भगा दिया। पुलिस ने वहां पांच युवकों को हिरासत में लिया। इससे पूर्व पंचायत में जा रहे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर चौहान को पुलिस ने पहले ही रोक कर नजरबंद हिरासत में ले लिया और गांव नहीं पहुंचने दिया। इसके अलावा हिरासत में लिए गए अध्यक्ष समेत छह आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस दौरान कई थानों की पुलिस के साथ वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी दिन भर वहां डेरा डाले रहे। कई दिनों से महाराणा प्रताप के बोर्ड को लेकर चल रहे विवाद के बीच आज रतनपुरी के भूपखेड़ी गांव में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर शेखर चौहान ने पंचायत करने का ऐलान किया था। इसे लेकर पुलिस पहले से तैयारी कर चुकी थी। गांव के रास्तों की नाकाबंदी कर दी। किसी भी बाहरी व्यक्ति को गांव में नहीं घुसने दिया गया। पुलिस ने वहां जाने की कोशिश कर रहे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर चौहान को हिरासत में ले लिया। पुलिस की सख्ती के बीच गांव और आसपास के क्षेत्र के कुछ युवक भूपखेड़ी राजबाहे की पटरी पर पहुंचे तो पुलिस उन्हें देखकर चौकन्नी हो गई। इस बीच उन्हें रोककर पुलिस अधिकारियों ने उनसे बातचीत की तो युवकों का कहना था कि वह बोर्ड को उठाकर लाना चाहते हैं। इस दौरान अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि बिना अनुमति के बोर्ड नहीं लगने दिया जाएगा। इस पर वहां पहुंचे कुछ युवकों ने नारेबाजी करते हुए हंगामा करने का प्रयास किया तो वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें जमकर हड़काया और लाठियां फटकारते हुए युवकों को भगा दिया। पुलिस ने पीछा कर पांच युवकों को हिरासत में ले लिया। पंचायत की सूचना पर एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर किसी को भी कानून हाथ में ना लेने की चेतावनी दी। उन्होंने समझाबुझाकर किसी तरह मामले को शांत कराया। चायत की सूचना के बाद एसडीएम खतौली सुबोध कुमार, सीओ बुढ़ाना विनय कुमार गौतम और सीओ फुगाना देवव्रत वाजपेई के साथ रतनपुरी, बुढ़ाना, शाहपुर, तितावी, मीरापुर एवं रामराज थाने की पुलिस और एक कंपनी पीएसी बल भूपखेड़ी गांव में तैनात रहा। ज्ञात रहे कि गत13 जून को भूपखेड़ी के कुछ युवाओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र वाला बोर्ड गांव के प्रवेश मार्ग पर लगा था। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने बोर्ड को हटवा दिया था। इसके बाद अगले दिन फिर से युवाओं ने बोर्ड को वहां लगा दिया था। इसके बाद पुलिस ने उन्हें कहा था कि इसके लिए पहले प्रशासन से अनुमति लें और इसके बाद ही बोर्ड लगाया जा सकेगा। इसके बाद 15 जून को सरधना के पूर्व विधायक व भाजपा नेता संगीत सोम ने भी गांव पहुंचकर युवाओं को समझाया था कि इसके लिए प्रशासन से अनुमति लें और इसके बाद ही बोर्ड लगाया जाए। हालांकि इस दौरान करणी सेना ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए आज गांव में पंचायत करने का ऐलान किया था। इसके लिए भारी पुलिस बंदोबस्त के चलते उनकी यह कोशिश कामयाब नहीं हो पाई। आज की पुलिस कार्रवाई से इलाके में माहौल काफी गर्म रहा।

## ममता बनर्जी हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग में घायल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी मंगलवार दोपहर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान घायल हो गईं। उन्हें बाएं कंधे, कमर और पैर में चोट पहुंचने की खबर है। इलाज के लिए उन्हें कोलकाता के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स उनकी जांच कर रहे हैं। लो विजिबिलिटी के कारण ममता के हेलिकॉप्टर की सिलीगुड़ी के पास सेवोक एयरबेस पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। वे जलपाईगुड़ी के क्रिन्टी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद बागडोगरा जा रही थीं।

## उत्तराखंड का ऐतिहासिक गोपेश्वर मंदिर एक तरफ झुका

चमोली, 27 जून (एजेंसी)। उत्तराखंड में बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर के बीच स्थित ऐतिहासिक गोपेश्वर मंदिर एक तरफ झुक गया है। मंदिर में कई जगह दरारें दिख रही हैं और छत से पानी भी टपक रहा है। मंदिर चमोली के गोपेश्वर मुख्यालय में स्थित है। मंदिर के पुजारी हरीश भट्ट और अतुल भट्ट ने बताया कि मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन, उत्तराखंड सरकार और पुरातत्व विभाग को भी चिट्ठी लिखकर जानकारी दी गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## योगी का ऐलान, साढ़े सात लाख युवाओं को देंगे नौकरी

लखनऊ, 27 जून (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इंटर्नशिप प्रोग्राम चल रहे हैं। पीएम और सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से हम साढ़े सात लाख युवाओं को नौकरी देंगे। इसके लिए हमारे उद्यमियों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि एमएसएमई विभाग पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेस-वे पर जमीन चिन्हित कर एमएसएमई क्लस्टर विकसित करें। साथ ही लखनऊ, वाराणसी और आगरा में यूनिटी मॉल बनाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाएं। वहां पर अच्छे गेस्ट हाउस और हॉस्टल बनाया जाए। एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सीएम योगी ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस-2023 के अवसर पर लोकभवन में आयोजित एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास हेतु बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ रुपए के ऋण वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## 5 साल की बच्ची से दरिंदगी करने वाले को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)। विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने 5 साल की बच्ची से किए गए रेप के मामले में सुनवाई करते हुए दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। 7 वर्ष पूर्व घेर में खेल रही बच्ची के साथ रेप किया गया था। विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार शर्मा और मनमोहन वर्मा ने बताया कि 7 साल पहले जनपद शामली के कांधला थाना क्षेत्र के गांव में बच्ची के साथ रेप की घटना अंजाम दी गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में पीड़िता की चाची ने 23 मार्च 2016 को सुमित पुत्र हरपाल निवासी खेड़ा कुर्तान जनपद शामली के विरुद्ध बच्ची से रेप किए जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि 23 मार्च को बच्ची अपने घेर में खेल रही थी। उसी समय सुमित आया और बच्ची को खींचकर ले गया। आरोप था कि सुमित ने बच्ची के साथ कमरे में बंद कर रेप किया। बच्चीचिल्लाई तो घर के लोग उसके पास पहुंचे। आरोपी मौका देखकर फरार हो गया था। पुलिस ने सुमित की गिरफ्तारी कर मामले की विवेचना की थी। विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार शर्मा और मनमोहन वर्मा एडवोकेट ने बताया कि घटना के मुकदमों की सुनवाई विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट के जज बाबूराम ने की। बताया कि दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी सुमित को रेप का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने सुमित पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

## विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)। सोमवार देर रात एक विवाहिता का शव फंदे पर लटकता मिला। परिजनों ने शहर कोतवाली में पहुंचकर मृतका के पति और ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज का आरोप लगाते हुए दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। उधर ससुरालियों ने इसे आत्महत्या बताया है। शहर कोतवाली पहुंचे अश्वनी सैनी पुत्र वीर सिंह सैनी निवासी घेर बुखारी जनपद शामली ने बताया कि उनकी बहन स्नेहा की शादी 5 वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर के रामलीला टिल्ला निवासी अंशुल सैनी के साथ हुई थी। बताया कि शादी मैं उन्होंने काफी दान दहेज दिया था। बावजूद ससुराल वाले स्नेहा को परेशान कर रहे थे। आरोप लगाया कि स्नेहा का पति अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसके साथ रोज मारपीट करता था। बताया कि स्थानीय निकाय चुनाव से पहले स्नेहा के साथ मारपीट की शिकायत लेकर वह शहर कोतवाली गए थे। पुलिस ने चुनाव के बाद कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उन्हें वापस लौटा दिया था। उन्होंने बताया कि उन्हें सोमवार रात फोन आया कि स्नेहा ने आत्महत्या कर ली है, जबकि यह सरासर झूठ है। आरोप लगाया कि स्नेहा को उसके पति और अन्य ससुराल वालों ने फांसी देकर हत्या की है। मृतक की बहन सोनिका ने भी गंभीर आरोप लगाए। स्नेहा के ससुराल वालों पर कार्रवाई की मांग करते हुए शहर कोतवाली में हंगामा किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

## गोल्डी बराड़ बोला- हम सलमान खान को जरूर मारेंगे

अमृतसर, 27 जून (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। गैंगस्टर लॉरेंस के करीबी गोल्डी बराड़ ने कहा- हम सलमान खान को मार डालेंगे, हम उसे जरूर मारेंगे। गोल्डी ने कहा कि उनकी यह बात सिर्फ सलमान खान तक ही सीमित नहीं है। जब तक जीवित हैं, अपने सभी दुश्मनों के खिलाफ प्रयास जारी रखेंगे। सलमान खान निशाने पर हैं, इसमें कोई शक नहीं है। हम कोशिश करते रहेंगे और जब हम सफल होंगे तो सभी को इसका पता चल जाएगा।

## राजद्रोह कानून लागू करने की विधि आयोग प्रमुख ने की वकालत

नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)। राजद्रोह कानून को निरस्त करने की मांग के बीच विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर से केरल और पंजाब से पूर्वोत्तर तक की मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारत की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए इस कानून को बरकरार रखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अवस्थी ने कानून बरकरार रखने की आयोग की सिफारिश का बचाव करते हुए कहा कि इसका दुरुपयोग रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। राजद्रोह कानून पिछले साल मई में उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के बाद फिलहाल निलंबित है।

# 231 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ आज

- केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने लिया तैयारियों का जायजा



चरथावल, 27 जून (बु.)। कस्बे में बुधवार (आज) को 231 करोड़ की लागत की सड़क और निर्माणकारी परियोजनाओं का शुभारंभ बुधवार को किया जाएगा। चरथावल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान पहुंचे। बताया कि 52 करोड़ की लागत से मुजफ्फरनगर थानाभवन मार्ग का निर्माण भी होगा। चरथावल में बड़े कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। बुधवार को चरथावल में 231 करोड़ की विभिन्न विकास एवं निर्माणकारी परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। तैयारियों का जायजा लेने चरथावल पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने बताया कि बुधवार को शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्षों से मुजफ्फरनगर थानाभवन मार्ग जर्जर अवस्था में है, जिसके चौड़ीकरण के प्रयास किए जा रहे थे। डॉ. संजीव बालियान ने बताया कि सेंट्रल रोड फंड से 52 करोड़ की लागत से मुजफ्फरनगर थानाभवन मार्ग चौड़ीकरण की स्वीकृति मिली है। उन्होंने बताया कि मार्ग चौड़ीकरण के शिलान्यास के लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बुधवार को चरथावल आ रहे हैं। बताया कि प्रधानमंत्री के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकास का रोडमैप भी प्रदर्शित किया जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने चरथावल पहुंचकर बुधवार के कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में स्थानीय नेताओं से जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने चरथावल ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुण्डीर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गर्ग, जिला पंचायत सदस्य विपिन त्यागी, प्रधान संगठन के जिला प्रभारी एवं अध्यक्ष अशोक पुण्डीर, आईपीएस अभिजीत कुमार आदि से कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रणनीति तैयार की।

## मुठभेड़ में वाहन चोर गिरफ्तार, 8 वाहन बरामद



मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक वाहन चोर बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश की निशानदेही पर पुलिस ने चुराए गए 8 दोपहिया वाहन भी बरामद किए हैं। दबोचे गए बदमाश पर 24 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, एक बदमाश मौके से फरार हो गया।

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि थाना खतौली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंग नहर पुल के आसपास कुछ वाहन चोर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना खतौली पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। उसी दौरान गंग नहर पुल के समीप दो संदिग्ध बाइक पर सवार होकर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक चला रहे व्यक्ति ने बाइक को मोड़कर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान बाइक गिर गई तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसी दौरान पुलिस ने बदमाश को दबोच लिया। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। बताया कि दबोचे गए बदमाश की पहचान लुकमान उर्फ लुक्का उर्फ सोनू पुत्र जमशेद उर्फ कल्लू निवासी भनवाडा थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। बताया कि दबोचे गए बदमाश से एक बाइक और तमंचा बरामद हुआ। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि पूछताछ में पुलिस ने बदमाश की निशानदेही पर नावला रोड पर बनी एक खण्डहरनुमा बिल्डिंग में झाड़ियों से ढकी 07 मोटरसाइकिल और 03 फर्जी नम्बर प्लेटों को बरामद किया गया। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल चोरी की है। वाहन चोरी करने के बाद नावला रोड पर बनी एक खण्डहरनुमा बिल्डिंग में खड़ी करने जा रहे थे। वहां पर उन्होंने पहले से ही चोरी की हुई 07 अन्य मोटरसाइकिलों को थी छिपाया हुआ है। पुलिस टीम ने बदमाश के बताए गए स्थान पर पहुंचकर 7 अन्य मोटरसाइकिलों और 03 फर्जी नम्बर प्लेटों को बरामद किया। दबोचे गए बदमाश ने बताया कि वह बाइकों को जिला मुजफ्फरनगर के विभिन्न स्थानों से चोरी करते थे और सस्ते दामों में बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करते थे।

## पच्चीस घंटे बाद मिला कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे. का लापता कुत्ता

मेरठ, 27 जून (एजेंसी)। कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे. का साइबेरियन हस्की ब्रीड का डॉगी 25 घंटे बाद मिल गया। पशु कल्याण विभाग और नगर निगम की टीमें डॉगी की तस्वीर को लेकर घर-घर जाकर पूछताछ कर रहीं थीं। डॉगी को कमिश्नर आवास से करीब 2किमी दूर पांडव नगर से बरामद किया गया। कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे. का डॉग इको रविवार शाम 7 बजे गायब हो गया था। वो साइबेरियन हस्की ब्रीड का था। दरअसल, संडे को नोएडा में सीएम योगी आदित्यनाथ की बैठक थी। कमिश्नर उसी मीटिंग में नोएडा गई थीं। जब शाम को वो घर लौटी तो स्टाफ ने उन्हें बताया कि डॉगी कहीं नहीं मिल रहा है। इसके बाद नगर निगम और पशु कल्याण विभाग की टीमें डॉग को खोज रही थीं। सोमवार को दिनभर टीमें इको की तस्वीर लेकर डोर टू डोर पूछताछ करती रही। सिविल लाइन, साकेत, पांडव नगर, सूर्या नगर से लेकर अन्य कालोनियों में डॉग को खोजा गया लेकिन वो नहीं मिला। पांडव नगर में जिस परिवार के पास डॉग मिला, उस परिवार ने डॉग को बहुत प्यार, दुलार से रखा। महादेव की कृपा और मेरठ के लोगों के प्यार के कारण डॉग सही सलामत वापस आ गई।

## अरविन्द केजरीवाल के सरकारी बंगले का ऑडिट

नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)। अरविंद केजरीवाल के सरकारी बंगले के रीकंस्ट्रक्शन विवाद के बीच अब CAG इसकी जांच शुरू करेगा। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास के रीकंस्ट्रक्शन के दौरान हुई अनियमितताओं और उल्लंघनों की इंक्वायरी करेंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 24 मई को पत्र लिखकर बंगले के विशेष ऑडिट की सिफारिश की थी। इसके बाद गृह मंत्रालय ने इस पर एक्शन लिया है। इसके पहले मुख्य सचिव ने 27 अप्रैल और फिर 12 मई को LG को इस बारे में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इन रिपोर्ट्स के मुताबिक केजरीवाल के आवास के रेनोवेशन पर 33.49 करोड़ रुपए खर्च हुए थे, वहीं उनके ऑफिस पर 19.22 करोड़ रुपए खर्च किए गए। पुराने बंगले को रेनोवेशन के नाम पर गिराकर नया बंगला बनाया गया था।

## तख्तापलट की कोशिशों के बाद गायब पुतिन

मॉस्को, 27 जून (एजेंसी)। रूस में शनिवार को तख्तापलट की साजिश के बीच राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने ये रिकॉर्डेड बयान जारी किया गया। इसके कुछ घंटे बाद ही पुतिन के प्रेस सेक्रेटरी कहते हैं कि प्रिगोजिन पर कोई केस नहीं चलेगा। पुतिन ने कहा कि यह हमारे देश और हमारे लोगों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है। यह बिल्कुल वही झटका है जो 1917 में रूस को लगा था जब देश ने प्रथम विश्व युद्ध लड़ा था। रूसी प्राइवेट आर्मी वैगनर के प्रमुख प्रिगोजिन गद्दार हैं। जिन्होंने सशस्त्र विद्रोह का रास्ता चुना है, उन्हें कड़ी सजा भुगतनी होगी। वैगनर आर्मी के विद्रोह के बाद से पुतिन अब तक सार्वजनिक रूप से कहीं दिखाई नहीं दिए हैं। मंगलवार को एक बार फिर से पुतिन का रिकॉर्डेड बयान जारी किया गया। साथ अभी भी वह कहां है इसे लेकर कुछ नहीं बताया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई युवक की मौत

**बुढ़ाना, 27 जून (बु.)। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को घटना की सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 31 वर्षीय मुहम्मद राशिद पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी कस्बा मोदीपुरम जनपद मेरठ बाइक पर सवार होकर आज मंगलवार को दिन निकलने से पहले ही अर्ध रात्रि में लगभग बारह बजे जनपद शामली से बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र को निकलकर अपने घर जा रहा था, जब वह बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी और बायवाला चौकी के बीच मेरठ वाया करनाल हाइवे की और आया तो किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही राशिद बाइक सहित सड़क से घिसटता हुआ चला गया, तब आते जाते राहगीरों की सूचना पर गढ़ीसखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल राशिद को बुढ़ाना कस्बे में स्थित एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने राशिद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की जेब से मिले कागजों के आधार पर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी, तो परिजन रोते आए। उधर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।**

## शाकंभरी खोल में पानी आने से मचा हड़कंप

**सहारनपुर, 27 जून (एजेंसी)। सिद्धपीठ शाकंभरी देवी में मंगलवार शाम को अचानक शाकंभरी खोल में पानी का तेज बहाव आने से दहशत फैल गई। इसके चलते श्रद्धालुओं को रोक दिया गया। वहीं, पानी कम होने के बाद ही श्रद्धालुओं को जाने दिया गया। मंगलवार शाम करीब छह बजे के लगभग शिवालिक पहाड़ियों में हुई तेज बारिश के बाद सिद्धपीठ की शांकभरी खोल में अचानक पानी का तेज बहाव आ गया। हालांकि श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा नहीं थी लेकिन, सिद्धपीठ में बरसाती पानी के बहाव का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। इसी को देखते हुए देवी दर्शनों को जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को भूरादेव पर शाकंभरी चौकी इंचार्ज सतेंद्र सिंह द्वारा रोक दिया गया और फिर पानी कम होने के बाद ही श्रद्धालुओं को मां के भवन पर दर्शनों हेतु जाने दिया गया।**

# खाद फैक्ट्री में भारी जीएसटी चोरी पकड़ी

- बेगराजपुर की चक्रधर कैमिकल पर राज्य जीएसटी का छापा
- तीन करोड़ की खरीद फरोख्त का नहीं मिला कोई हिसाब
- विभाग की टीम ने मौके पर ही नब्बे लाख वसूले




मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)। बड़ी फैक्ट्रियों में बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी रोकने के लिए यूपी वाणिज्यकर के जीएसटी विभाग की टीम ने मेरठ रोड पर बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित खाद निर्माता कंपनी चक्रधर कैमीकल पर छापा मारकर करीब तीन करोड़ रुपये के लेन देन पर जीएसटी चोरी पकड़ी। करीब 20 घंटे तक इस टीम ने उक्त फैक्ट्री के रिकॉर्ड और कंप्यूटर खंगाले तो प्रथम दृष्टया तीन करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन बिना हिसाब किताब मिला। छापा मार टीम ने फैक्ट्री स्वामियों से 90 लाख रुपये की जीएसटी मौके पर ही जमा कराई। वहां से मिले रिकॉर्ड की आगे जांच की जा रही है।

जीएसटी चोरी की सूचना पर वाणिज्यकर के जीएसटी विभाग की एसआईबी विंग के ज्वाइंट कमिश्नर ज्योति स्वरूप शुक्ला के निर्देश पर मेरठ रोड पर स्थित बेगराजपुर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित चक्रधर केमिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर अचानक निरीक्षण की कार्रवाई की। इस दौरान एसआइबी विंग के अपर आयुक्त विवेक मिश्रा ने नेतृत्व में सोमवार को यह छापे की कार्रवाई शुरू की गई। इसके बाद करीब 20 घंटे तक विभागीय टीम ने फैक्ट्री का रिकॉर्ड खंगाला। उसके लेखा तथा कंप्यूटरों में दर्ज विवरण की जांच का काम मंगलवार सुबह सात बजे चलता रहा। इससे पूर्व जीएसटी टीम ने रातभर कंपनी के खरीद फरोख्त के रिकॉर्ड की जांच की। इसमें करीब तीन करोड़ से अधिक रुपये का माल मौके पर बिना बिलों के क्रय और विक्रय करते हुए पकड़ा गया। इसमें जीएसटी की चोरी का आकलन करते हुए टीम ने प्रथम दृष्टया कंपनी से 90 लाख रुपये मौके पर ही वसूले गए। इसके अलावा वहां से मिले कागजात के आधार पर आगे जांच की जा रही है। वाणिज्यकर विभाग की टीम ने जीएसटी चोरी कर राजस्व की हानि पहुंचाने को लेकर नोटिस जारी किया गया। जांच टीम का नेतृत्व कर रहे अपर आयुक्त विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि जीएसटी चोरी के इनपुट के आधार पर जांच की गई थी। इस जांच के बाद व्यापारी ने 90 लाख रुपये मौके पर ही जमा कर दिए हैं। मौके से काफी रिकॉर्ड और दस्तावेजों को जब्त किया गया है। इसके आधार पर आगे जांच जारी रहेगी। इस छापा कार्रवाई के दौरान असिस्टेंट कमिश्नर महेश पाठक, रवि पंवार, अरुणेश सिंह, राजकुमार, विनोद मित्रा शामिल रहे। छापे की इस कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री को पूरी तरह से सील रखा गया और वहां किसी को आने जाने की अनुमति नहीं दी गई। जिले में एक और बड़ी फैक्ट्री पर छापे की कार्रवाई के बाद जीएसटी चोरों में हड़कंप मचा है।

## परिवार नियोजन पर कार्यशाला आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** निजी चिकित्सालयों में प्रसव एवं परिवार नियोजन सम्बन्धी आकड़ों के संकलन के लिए मंगलवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। परिवार नियोजन के आंकड़ों को हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉरमेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल पर संकलित करने के लिए उनका क्षमतावर्धन किया गया। कार्यशाला में जनपद के 28 चिकित्सालयों के प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकार समेत कुल 38 लोगों ने भाग लिया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने कार्यशाला में आए चिकित्सालयों के प्रतिनिधियों से परिवार नियोजन पर ज्यादा गौर करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आए दम्पति व नवदम्पति को परिवार नियोजन के बारे में विस्तृत जानकारी देने के बाद उसके महत्व के बारे में जागरूक किया जाए, जिससे लोगों में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ सके।

## बकरीद को लेकर पुलिस का पैदल गश्त

**जानसठ, 27 जून (बु.)।** बकरीद त्यौहार को शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सोमवार की रात्रि को पुलिस ने पैदल गश्त किया। कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार चिकारा ने सोमवार की रात्रि को पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। पुलिस ने कस्बे के मुख्य बाजार, मूलवाला कुंआ, मंगल बाजार, मोहल्ला जुमा, गढ़ी तिराहा आदि जगहों पर गश्त किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार चिकारा ने लोगों से बकरीद का त्योहार शांति और सौहार्द से मनाने की अपील की।

## शाहपुर गुड़ मंडी में दो दुकानों से हुई चोरी

**शाहपुर, 27 जून (बु.)।** कस्बे की नवीन गुड़ मंडी स्थल पर बीती रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर गल्ले चोरी कर लिए। कस्बे की नवीन गुड़ मंडी स्थल पर बीती रात अज्ञात चोरों ने ललित गर्ग की गर्ग ट्रेडिंग कंपनी व रितेश सिंघल की राकेश एंड संस की दुकान के पिछले हिस्से में लगे चैनर के तालों को तोड़कर दुकान में रखे गल्ले चोरी कर लिए। दोनों व्यापारियों ने बताया कि दोनों गल्ले में चार से पांच हजार रुपये की नगदी व आवश्यक कागजात थे। घटना को लेकर दुकानदारों ने थाने पर कोई तहरीर नहीं दी है।

## सीएचसी में वृद्धजनों को चश्मे का वितरण

**चरथावल, 27 जून (बु.)।** सीएचसी में अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत एसीएमओ डॉ. दिव्या वर्मा व सीएचसी प्रभारी डॉ. सतीश कुमार ने नेत्र परीक्षण अधिकारी उमंग श्रीवास्तव के साथ मिलकर वृद्धजनों को चश्मों का वितरण किया। एसीएमओ डॉ. दिव्या वर्मा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार व नेत्र परीक्षण अधिकारी उमंग श्रीवास्तव ने अंधता निवारण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि यह सराहनीय योजना है और चश्मे से वृद्ध अपनी आँखों से देख सकते हैं।


### बैनामा खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे दो बैनामे कृषि भूमि ग्राम शेरपुर खादर, परगना पुरछपार, जिला-मुजफ्फरनगर रजि. संख्या 3331, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3570, पृष्ठ संख्या 113/156 दिनांक 05-04-2010 व दूसरा बैनामा रजि0 संख्या 3330, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3570, पृष्ठ 77/112 दिनांक 05-04-2010 वास्तव में कहीं खो गए हैं। किसी अन्य द्वारा इनका प्रयोग पूर्णतः अवैध होगा।

श्रीमती उर्वशी त्यागी
पत्नी श्री अविनाश त्यागी व
श्रीमती सरला देवी
पत्नी श्री जुगल किशोर त्यागी
169-ब्रह्मपुरी, मुजफ्फरनगर
मो. 7830056421

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम दीपक मित्तल से बदलकर शुभ मित्तल (SHUBH MITTAL) रख लिया है। अब भविष्य में मेरे पुत्र का नाम शुभ मित्तल (SHUBH MITTAL) के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

रूचीन कुमार पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार
पूजा मित्तल पत्नी रूचीन कुमार
निवासी-353-कृष्णापुरी,
मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम अनाया मंगल से बदलकर अवनि (AVNI) रख लिया है। अब भविष्य में मेरी पुत्री को अवनि (AVNI) के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

आशुतोष मंगल पुत्र वेदप्रकाश
रीति पत्नी आशुतोष मंगल
निवासी-म.नं. 87/21, नॉर्थ
सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर


# कांवड़ मार्ग पर 24 घंटे निगरानी करेंगे अफसर

## जिले में दो सौ किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग पर बनाये नौ सुपर जोन, 160 सैक्टर मजिस्ट्रेट करेंगे ड्यूटी

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा अब सिर पर आ चुकी है, ऐसे में जिला पुलिस और प्रशासन अपनी तैयारियों के कील कांटों को भी दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। मंगलवार को एडीएम प्रशासन और एडीएम वित्त एवं राजस्व के द्वारा कांवड मार्ग पर ड्यूटी में लगाये गये अफसरों और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ लंबी मीटिंग की। निर्देश दिये कि कांवड मार्ग पर यात्रा के दौरान 24 घंटे निगरानी बनी रहे, ड्यूटी में लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

कांवड यात्रा-2023 को सफल व सुरक्षित सम्पन्न कराने के लिये अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) नरेन्द्र सिंह बहादुर व अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) गजेन्द्र सिंह ने सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सभागार में बैठक का आयोजन कर तैयारियों का परखा और निर्देश दिये।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा को सुलभ और सरल व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराने के लिए एडीएम प्रशासन नरेन्द्र सिंह ने सेवा का मूल मंत्र दिया है। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी सतर्कता व स्वच्छता का विशेष प्रबन्ध करने के निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सजगता पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जो व्यवस्था अभी भी अधूरी हैं। उन्हें तत्काल पूर्ण कर लिया जाए। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कावड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। कांवंड यात्रा के दौरान खाद्य विभाग व बिजली विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिये। चिकित्सा विभाग को अपनी तैयारियों को पूर्ण करने के भी निर्देश दिये गये। जनपद के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जायेगी। इस कावंड यात्रा 2023 को प्लास्टिक मुक्त बनाने की भी पूर्ण तैयारियां की गई हैं। देहात व शहरी क्षेत्रों में मांस की दुकानों को पूर्णतया बंद रखा जायेगा। मांसाहारी होटल भी बंद रहेंगे। किसी भी प्रकार की भड़काऊ व संवेदनशील सामग्री को सोशल मीडिया पर प्रचारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मुख्य सड़कों पर पक्की बैरिकेटिंग की जायेगी, ताकि भक्तों को जलाभिषेक करने में किसी को भी असुविधा ना हो।

एडीएम प्रशासन ने बताया कि कांवड यात्रा के दौरान व्यवस्था सुचारू रखने और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए 09 सुपर जोन, 16 जोन, 53 सब जोन को 60 सैक्टरों में विभाजित कर 18 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 32 जोनल मजिस्ट्रेट, 166 सब जोनल मजिस्ट्रेट व 160 सैक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी।





फोटो बुलेटिन: कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कांवड यात्रा व्यवस्था को लेकर मीटिंग में अफसरों को दिशा निर्देश देते एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह व अन्य ।

## आकस्मिक सेवा में कांवड़ मार्ग पर तैनात रहेंगी 12 बाइक एम्बुलेंस

मुजफ्फरनगर। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कावंड़ यात्रा के लिए बाइक एंबुलेंस के भी इंतजाम किए गए हैं। 12 मार्गों पर बाइक एंबुलेंस भी तैनात रहेंगी। नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि यह बाइक एंबुलेंस सुबह सात से रात नौ बजे तक कांवड़ मार्ग पर सेवा देने के लिए तैनात रहेंगी।

डॉ. प्रशांत ने बताया कि सिसौना से मदनी चौक तक, मदनी चौक से वहलना चौक तक, पीएचसी पुरकाजी से ग्राम रई तक, भूराहेड़ी बाईपास से बरला बाईपास तक, निरगाजनी पुल से जौली तक, काठ के पुल से चित्तौड़ा तक, नावला कोठी से खतौली नहर के पुल तक, खतौली नहर पुल से भंगेला चौकी तक, सठेड़ी के पुल से सराय के पुल तक (गंग नहर मार्ग), खतौली मोड़ से तहसील बुढ़ाना तक, तहसील बुढ़ाना से बायवाला और मीरापुर से बुढ़ाना तक के मार्गों पर बाइक एंबुलेंस की सेवा कांवडियों को मिलेगी।

# पीएम मोदी के मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद से जुड़े कार्यकर्ता



फोटो बुलेटिन: पीएम मोदी का लाइव प्रोग्राम सुनते मंत्री संजीव बालियान व कपिल देव तथा अन्य नेतागण।

### मंत्रियों की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने लिया लोस चुनाव जीतने का संकल्प

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाईव संबोधन में कहा कि बूथ की टीम जनसेवा कर अपने क्षेत्र में भरपूर सम्मान प्राप्त कर सकती है। प्रधानमंत्री भोपाल में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंचे, जहां उन्होंने मोती लाल नेहरू स्टेडियम में मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत 543 लोकसभाओं के 10 लाख और राज्य विधानसभाओं के बूथ कार्यकर्ताओं को डिजिटली रूप से संबोधित किया।

नगर विधायक व यूपी सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान की मौजूदगी में अपनी विधानसभा के ग्राम मखियाली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल देखा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग जहां मात्र अपने दल के लिए जीते हैं, वहीं दल का भला करना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें भ्रष्टाचार, कमीशन में मलाई खाने और कट मनी का हिस्सा मिलता है। हम मानते हैं कि देश का भला होगा, तो सबका भला होगा। ऐसे में हमने तय किया है कि हमें तुष्टीकरण और वोट बैंक के रास्ते पर नहीं चलना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से हमारे कार्यकर्ताओं के राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता के दिल में और अधिक काम करने की भूख होना, उनकी बहुत बड़ी ताकत है। हमारा संकल्प 2047 तक भारत विकसित तभी होगा जब गांव विकसित होगा। इसके लिए छोटे-छोटे प्रयास बहुत बड़ा असर दिखा सकते हैं जैसे-हमारा गांव कैसे हरा-भरा हो, सोलर को कैसे बढ़ाएं, सोलर एनर्जी की कैसे आदत डालें, बैंकों से मदद कैसे दिलवाएं। भाजपा कार्यकर्ता ये सोचें कि मेरे बूथ में कोई बच्चा ड्रॉप आउट नहीं होगा। बेटा हो या बेटी, हर शत-प्रतिशत शिक्षित होगा। ये सेवा होगी और भाजपा का काम भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता का सोचना है कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कैसे हो। भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए बस देशहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली हैं कि हमें राष्ट्र को पूरी तरह समर्पित एक सच्चे देशभक्त नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सेवा का अवसर मिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जनता ने 2024 के चुनाव में भाजपा को वापस लाने का मन बना लिया है और भाजपा की प्रचंड विजय तय है। आप सबकी मेहनत जरूर रंग लाएगी और चारों तरफ कमल खिलाएगी। इस दौरान अखिलेश दत्त शर्मा, राजन जैन, प्रवीण जैन हुंडई, संजय गर्ग, योगेश मित्तल, हरेंद्र पाल, रोहित तायल, रोहित जैन, दीपक मित्तल, राधे वर्मा, साधना सिंघल, दुलारी मित्तल, संजय मित्तल आदि मौजूद रहे।

# बीएससी (गृहविज्ञान) संकाय परीक्षा में कुलसुम, शुम्बुल और राखी का जलवा



**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित सत्र 2022-223 के परीक्षाफल में एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के बीएससी (गृहविज्ञान) पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा एवं सभी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सत्र मे भी पूर्व की भांति छात्राओं ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को निरंतर जारी रखते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें कुलसुम ने 80 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, शुम्बुल ने 76 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान पर राखी ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। महाविद्यालय के प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल एवं डा. नवनीत वर्मा द्वारा छात्राओं को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सभी छात्राओं ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया।

डा. नवनीत वर्मा (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर) ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें निरंतर आगे बढने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक है ताकि वे जीवन में सफलता को प्राप्त कर सकें। प्राचार्य डा सचिन गोयल ने सभी छात्राओं को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उत्कृष्ट प्रदर्शन छात्राओं व सभी शिक्षकों के कठिन परिश्रम का परिणाम है तथा भविष्य में भी सभी छात्राओं को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाये रखने के कडी मेहनत करनी होगी। सम्मान समारोह कार्यक्रम में डा. अनामिका वर्मा, डा. अर्पणा शर्मा, नीतू शर्मा, अंजु कुमारी, शिवांगी वशिष्ठ, डा. आयशा जमाल व पिंकी आदि मौजूद रहे। सभी ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की।

# शाहपुर एसडीएम के साथ चेयरमैन अकरम ने किया ईदगाह का निरीक्षण

### बेहतर साफ सफाई के निर्देश दिए, पेयजल व्यवस्था सुचारु रहेगी: कुरैशी



**शाहपुर, 27 जून (बु.)।** ईद-उल-अजहा पर्व के मद्देनजर मंगलवार को एसडीएम अरुण कुमार, जमीअत उलमा के प्रदेश सचिव शाहिद त्यागी, बसीकलां के पूर्व प्रधान मुरसलीन, नगर पंचायत शाहपुर के चेयरमैन अकरम कुरैशी ने ईओ व सभासदों के साथ ईदगाह का निरीक्षण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया।

ईदगाह को जाने वाले मार्ग की विशेष सफाई को बात नगर पंचायत सफाई कर्मियों को कहा। नगर के सभासदों ने बताया कि ईदगाह परिसर में किसी भी प्रकार कि कोई गंदगी नही होनी चाहिए त्योहार के मद्देनजर ईदगाह के साथ साथ पूरे नगर में सफाई व्यवस्था दुरस्त कराई जाए व ईद उल अजहा के दिन नगर में पूरे दिन पेयजल की सप्लाई दी जाए और नगर से बाहर जे.सी.बी. द्वारा किसी भी स्थान पर गड्ढा खुदवाया जाए ताकि कुर्बानी के अवशेष को दफन किया जा सके चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा कल तक सफाई व्यवस्था व अन्य सभी कार्यो को अंतिम रूप देते हुए निस्तारण कर दिया जाएगा। सभासद अब्दुल कलाम अंसारी, मनोज सैनी, सभासद सोनू सैनी सफाई नायक संदीप कुमार व महबूब आदि मौजूद रहे। ईदगाह पर सफाई के निरीक्षण के लिए एसडीएम बुढ़ाना भी चेयरमैन अकरम कुरैशी के साथ रहे। इस दौरान एसडीएम ने ईओ सुधीर कुमार मिश्रा ने साफ सफाई के निर्देश दिये। चेयरमैन अकरम ने कहा कि सफाई कर्मियों को ईद के मद्देनजर अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबाने की सफाई कर्मियों को हिदायत के साथ ही पानी की विशेष व्यवस्था करने के लिए दिशा निर्देश दिए। एसडीएम बुढ़ाना ने ईदगाह की झुकी हुई दीवार को हटाए जाने के लिए भी कहा, ताकि ईद के दौरान किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो पाए। ईदगाह के आसपास गोबर के लगे ढेर को भी देख कर एसडीएम ने सफाई नायक को गंदगी हटाने के निर्देश दिए।

# एक जुलाई से पहले मुस्लिमों को बदलने होंगे होटल के हिन्दू नाम




यशवीर आश्रम बघरा के महंत स्वामी यशवीर महाराज ने दी चेतावनी

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** यशवीर आश्रम बघरा के महंत स्वामी यशवीर महाराज ने चेतावनी दी कि यदि एक जुलाई से पहले मुजफ्फरनगर से लेकर हरिद्वार तक मुस्लिमों द्वारा हिन्दू देवी देवताओं के नाम पर चलाये जा रहे होटल और ढाबों के नाम नहीं बदले गये तो वो हिन्दू समाज के लोगों को साथ लेकर इन होटलों के खिलाफ आंदोलन चलायेंगे।

मीडिया से बात करते हुए स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि मुजफ्फरनगर से हरिद्वार तक हाईवे और मुख्य मार्गों पर कुछ मुस्लिमों के द्वारा हिन्दू देवी देवताओं और हिन्दू धर्म के प्रतीकों के नाम पर होटल एवं ढाबे चलाये जा रहे हैं। हमने पूर्व में भी जिला प्रशासन से इनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए नाम बदलवाने के लिए शिकायत की थी, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन मुस्लिमों के हिन्दू नाम वाले होटलों के कारण हिन्दू समाज के लोग भ्रमित होते हैं और यहां पर भोजन करने से उनका धर्म भी भ्रष्ट हो जाता है, क्योंकि इन होटलों पर परोसा जाने वाला भोजन शुद्ध होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं रहती है। ऐसे में उन्होंने कहा कि एक जुलाई से पहले पहले ऐसे होटल चला रहे मुस्लिमों के द्वारा अपने होटल के नामों को बदल लिया जाये, नहीं तो वो हिन्दू समाज के लोगों को साथ लेकर स्वयं ही होटल पर लगे हिन्दू देवी देवताओं के बोर्ड हटाने के लिए आंदोलन चलायेंगे। यशवीर महाराज ने कहा कि यदि ऐसे मुस्लिमों की आस्था हिन्दू देवी देवताओं में हैं और वो इसको स्वीकार करते हैं तो हम उनको अभिनंदन करते हैं, लेकिन उनको हिन्दू देवी देवताओं के प्रति आस्था को साबित करते हुए हिन्दू धर्म में घर वापसी करनी होगी। यदि वो ऐसा नहीं करते हैं तो ऐसे मुस्लिमों के होटल हिन्दू प्रतीकों के नामों पर नहीं चलने दिये जायेंगे। हिन्दू समाज के लोगों ने ऐसे बहुत सारे होटल और ढाबे चिन्हित कर लिये हैं।

## दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक में रिपोर्ट दर्ज



**कैराना, 27 जून (बु.)।** दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक के मामले में महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित 7 ससुराल वालों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। मौहल्ला अफगानान निवासी नसीर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी का निकाह करीब 11 साल पहले मौहल्ले के ही प्रवेज के साथ हुआ था। शुरू से ही ससुराल वाले दहेज के लिए उसकी बेटी का उत्पीड़न करते चले आ रहे थे। करीब एक साल पहले दहेज में एक लाख की मांग करते हुए ससुराल वालों ने उसकी बेटी को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। 7 जून को उसकी बेटी के पति प्रवेज ने फोन करके गाली-गलौच की तथा तीन तलाक दे दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी पति प्रवेज, ससुर सलीम, सास जाहिदा, देवर मुरली, सोनू, जेठ शमीम व ननद हीना निवासी मौहल्ला अफगानान के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांकः 574/ सा0प्र0/मा0प्र0/2023-24 दिनांकः- 27-06-2023

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना ।**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये विद्युत सामग्री की न्यूनतम दरें, व्यापार कर / आयकर / जी.एस.टी. पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से दिनांक 18-07-2023 की अपराह्न 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 28-06-2023 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 18-07-2023 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा। यह स्वघोषणा पत्र अंकन रु. 100/- के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। इस हेतु धरोहर राशि अंकन- 1,00,000/- रुपए की एफ.डी.आर./ एन.एस.सी. आदि के रूप में, जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी, जो निविदा के समय स्कैन की जानी आवश्यक है तथा निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी कराते हुए मूल प्रति के रूप में निविदा खोले जाने के उपरान्त जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 18-07-2023 को अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा सूचना की अधिक जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु ऊपर दी गयी वेबसाईट पर लॉगइन कर सकते हैं।

**मार्ग प्रकाश प्रभारी**
नगर पालिका परिषद,
मुजफ्फरनगर।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
मुजफ्फरनगर।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
मुजफ्फरनगर।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांकः मीमो/ नि.वि./सा.प्र./2023-24 दिनांकः- 27-06-2023

**अति अल्पकालीन (ऑफ लाईन) निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत / नवीनीकृत एवं किसी भी शासकीय विभाग में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कांवड़ यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यों हेतु निविदायें (प्रतिशत के आधार पर) दिनांक 03-07-2023 सायं 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्रत्येक निविदा के साथ व्ययानुमान की 10 प्रतिशत धनराशि अग्रिम जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक हो, जमा कराया जाना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28-06-2023 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 03-07-2023 की सायं 3:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद के निर्माण विभाग से क्रय किये जा सकते हैं। किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। उक्त निविदा सूचना को जनपद मुजफ्फरनगर की वेबसाईट www.muzaffarnagar.nic.in पर भी देखा जा सकता है। कार्य पालिका निधि/राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत प्रस्तावित हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | व्ययानुमान धनराशि | 10% धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य+ 18% जी.एस.टी. | कार्य समाप्त करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | कांवड़ यात्रा के दौरान शिवचौक पर कांवड़ कंट्रोल रूम स्थापित किये जाने का कार्य। | 1,03,330.00 | 10,333.00 | 150+27=177 | 5 दिवस |
| 2- | कांवड़ यात्रा के दौरान शिवचौक पर लोहे की हैवी बैरिकेटिंग का कार्य। | 2,06,250.00 | 20,625.00 | 200+36=236 | 5 दिवस |
| 3- | कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग पर पेंच वर्क एवं अन्य मरम्मत कार्य। | 3,33,875.53 | 33,387.55 | 250+45=295 | 5 दिवस |

नोट : अन्य विवरण एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में नगर पालिका परिषद के कार्यालय निर्माण विभाग से ज्ञात की जा सकती हैं।

**(अखण्ड प्रताप सिंह)**
सहायक अभियंता (निर्माण)

**(हेमराज)**
अधिशासी अधिकारी

**(मीनाक्षी स्वरूप)**
अध्यक्ष


## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**48 वर्ष पूर्व अपातकाल के दौरान प्रेस पर प्रतिबंध लागू**



**नई दिल्ली, 27 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 28 जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1651- पोलैंड और यूक्रेन के बीच बेरेस्तेको युद्ध शुरू। 1776- अमेरिकी की जीत के साथ सुलीवन द्वीप युद्ध समाप्त। 1838- विक्टोरिया इंग्लैंड की महारानी बनीं। 1846- एडोल्फ सैक्स ने वाद्य यंत्र सेक्सोफोन को पेटेंट कराया। 1857- नाना साहेब ने बिठूर में स्वयं को पेशवा घोषित किया। 1894- श्रम दिवस पर अमेरिका में आधिकारिक अवकाश घोषित। 1914- प्रथम विश्व युद्ध का तात्कालिक कारण: आस्ट्रिया के आर्कड्यूक फ्रांज फिडिनेंड और उनकी पत्नी सोफी की साराजेवो में हत्या। 1919- वारसा की संधि पर हस्ताक्षर। 1921- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव का जन्म। 1940- बांग्लादेशी अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद युनुस का जन्म। 1975- भारत में आपातकाल के दौरान प्रेस प्रतिबंध लागू किया गया। 1981- चीन ने कैलाश और मानसरोवर का रास्ता खोला। 1981- तेहरान में भीषण बम विस्फोट, इस्लामिक रिपब्लिकन पार्टी के 73 पदाधिकारी मारे गये।1986- लाल डेंगा मिजोरम के मुख्यमंत्री बने। 1986- केन्द्र सरकार ने अविवाहित लड़कियों को भी मातृत्व अवकाश देने का कानून बनाया। 1995- बाघों को शिकारियों से बचाने और उन्हें आश्रय देने के लिए मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट घोषित किया गया। 1996- भारत ने फिलस्तीनी नियंत्रण वाले गाजा सिटी में अपना मिशन खोला। 2004- अमेरीका ने इराक के लोगों को शासन की बागडोर सौंपी। 2004- तुर्की के इस्तांबुल में नाटो का 17वां शिखर सम्मेलन शुरू हुआ। 2005- रूस ने ईरान के लिए छह परमाणु रिएक्टर बनाने की घोषणा की। 2007- आईफोन के नाम से प्रसिद्ध ऐपल का पहला स्मार्टफोन बाजार में आया।

### आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 28 जून, 2023**

**मेष-** अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, समस्या के समाधान हेतु स्वजनों से विचार-विमर्श, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूत, वरिष्ठजनों से सम्पर्क।

**वृषभ-** स्वाध्याय की ओर रुचि, घरेलू समस्याएँ पक्ष में सुलझने की ओर, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, बुद्धि-विवेक से किया गया कार्य लाभप्रद, कर्ज निवृत्ति।

**मिथुन-** सामयिक कार्यों में अनुकूलता, वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, व्यापारिक क्षेत्र में नव परिवर्तन योजना फलीभूत, दाम्पत्य जीवन में सुख शांति का वातावरण।

**कर्क-** भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, कार्य व्यवसाय में नुकसान, बनी-बनाई योजना किसी कारणवश अधूरी, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, सुख में कमी।

**सिंह-** कार्यों में उन्नति का सुयोग, सुपरिचितों के सहयोग से समस्या का समाधान, शारीरिक अनुकूलता, राजनीतिक आत्मिक शांति।

**कन्या-** आृथक व्यावसायिक पक्ष में प्रगति हेतु नव प्रयास सार्थक, वाद-विवाद में कमी, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, प्रेमसम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा संतोषजनक।

**तुला-** स्वास्थ्य बेहतर, आत्मविश्वास से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, उन्नति की दिशा में प्रयास सार्थक, मनोरंजन में रुचि।

**वृश्चिक-** समय विपरीत, जल्दबाजी में किया गया कार्य व लिया गया निर्णय अहितकर, आत्मीयजनों से कटुता, स्वास्थ्य में व्यवधान, निजी इच्छा की पूत में अड़चनें।

**धनु-** अधूरे व नवकार्यों की पूत हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, खुशी भी।

**मकर-** बहुप्रतीक्षित योजना साकार होने की ओर, भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, किसी के माध्यम से बकाये धन की प्राप्ति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, संत-समागम।

**कुम्भ-** समय संतोषजनक, आृथक व्यापारिक पक्ष में उन्नति का सुयोग, विवाद का निर्णय पक्ष में, परिवार में मांगलिक आयोजन संपन्न।

**मीन-** परिस्थितियां भाग्य के प्रतिकूल, आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव, लाभ का मार्ग अवरुद्ध।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

